पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी जोगेन्द्र कुमार का दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से किया गया प्रकाशनः–

# सीमा लॉघने वाले खुराफाती पुलिस के रडार पर

## सीमा लाँघने वाले खुराफाती पुलिस के रडार पर

**मध्य प्रदेश चुनाव को लेकर खदेड़ दिए गए हैं अन्य जनपदों के वांछित व खुराफाती तत्व**

**झाँसी में 42 और ललितपुर में 27 स्थानों पर नाका और वैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग शुरू**

**यूपी–एमपी के अपराधियों की वनायी कुण्डली, कम्युनिकेशन के लिए वनाया कण्ट्रोल रूम**

**झाँसी** : मध्य प्रदेश मे चुनाव से 48 घण्टे पहले सीमाओं को सील कर दिया गया है। वह खुराफाती तत्व पुलिस के रडार पर है, जो दोनो राज्यो की सीमाएं लॉघकर एक दूसरे राज्य मे डेरा जमाए है। पुलिस ने नाकाबन्दी कर दी है और हर आने–जाने वाले वाहनो की चेकिंग शुरू कर दी है।

मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव को लेकर दोनो प्रदेश के पुलिस अधिकारियो के साथ बॉर्डर मीटिंग हुयी थी। दोनो प्रदेश की पुलिस ने ऐसे वांछित अपराधियो की सूची एक दूसरे के साथ साझा की थी, जो एक राज्य मे अपराधिक घटना करने के बाद देकर दूसरे राज्य मे रह रहे थे। इन अपराधियो की धरपकड की तो इनमे हडकम्प मच गया और अब यह अन्य जनपदो मे जाकर डेरा जमा लिया है। इन पर विशेष नजर रखने के लिए पुलिस को लगा दिया गया है। इसके साथ ही अवैध शराब, मादक पदर्थों व शस्त्रो के परिवहन को रोकने के लिए झाँसी मे 42 और ललितपुर मे 27 स्थानो पर नाका व वैरिकेडिंग कर चेकिंग शुरू करा दी गयी है।

### वॉर्डर से लगी 34 शराव की दुकानों पर लटके ताले

मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जनपद झाँसी मे 34 व ललितपुर मे 6 शराब की दुकाने लगी हुयी है, जो विधानसभा चुनाव के मतदान से 48 घण्टे पहले बन्द कर दी जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी पीके गोयल ने बताया कि जो दुकाने मध्य प्रदेश की सीमा से 300 मीटर की रेंज मे है, वह बुधवार की शाम से बन्द करा दी गई है। मध्य प्रदेश मे होने वाले चुनाव के दिन ड्राइ–डे घोषित किया गया है।

### इन्होंने कहा



मध्य प्रदेश चुनाव को लेकर सभी नाको व वैरिकेडिंग पर चेकिंग तो पहले शुरू करा दी गयी थी, लेकिन अब मतदान को लेकर पुलिस फोर्स बढ़ा दिया गया है। किसी को भी बेवजह मध्य प्रदेश की सीमा मे नही जाने दिया जाएगा। अधिक धनराशि, शराब, शस्त्र आदि अगर किसी के पास से पकड़ा जाएगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कुछ संदिग्ध को चिह्नित किया गया है, जिन्हे फिजिकल सर्वेलन्स पर रखा गया है। **जोगेन्द्र कुमार**, पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी रेंज

Twitter id:- @rangejhansi